समाचार

नोवल कोरोना वायरस

# महापौर ने कालोनी, बस्ती, बाजार में स्वयं खड़े होकर कराया सेनेटाईजेशन कार्य

## (नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु निगम द्वारा निरंतर किया जा रहा शहर सेनेटाईजेशन का कार्य)



कोरबा 06 अप्रैल 2020 –नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निरंतर शहर सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 09 वार्डो में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 12 शारदा विहार एवं वार्ड क्र. 26 मुड़ापार के विभिन्न स्थानों पर स्वयं खड़े रहकर सेनेटाईजेशन का कार्य कराया, वार्ड क्र. 12 शारदा विहार में सेनेटाईजेशन के दौरान निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपनी सक्रिय सहभागिता देते हुए सेनेटाईजेशन कार्य में सहयोग किया।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व उसके नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों, सार्वजनिक स्थलों, चौक–चौराहों, आमनागरिकों के घरों, दरवाजारों, गेट, ग्रिल सहित अन्य ऐसे स्थानों पर जहां आमजन का संपर्क होता है, को निरंतर सेनेटाईजेशन करने का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज निगम द्वारा विभिन्न वार्डो में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया, वार्ड क्र. 12 शारदा विहार कालोनी एवं वार्ड क्र. 26 मुड़ापार बस्ती सहित मुड़ापार बाजार में सेनेटाईजेशन कार्य के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने स्वयं खड़े रहकर सेनेटाईजेशन का कार्य कराया, इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इसी प्रकार वार्ड क्र. 25 एवं 26 मुड़ापार में पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी के सहयोग से निगम द्वारा सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 26 मुड़ापार के बाहरी व अंदरूनी बस्ती के साथ–साथ मुड़ापार बाजार का स्वयं भ्रमण करते हुए अपनी देखरेख में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया। मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, पार्षद शैलेन्द्र

सिंह पप्पी, अवधेश सिंह, पूर्व पार्षद राजा गुप्ता, दीपेश सिंह, अशोक लोध, दिलशाद अली आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे। निगम द्वारा इन मोहल्लों में स्थित दुकानों के बाहर लगी ग्रिल, गेट व लोगों के खड़े होने के स्थानों, नालियों, दीवारों, दरवाजों व आसपास के अन्य स्थलों को सेनेटाईज किया गया।

**सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें**– सेनेटाईजेशन कार्य के दौरान विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण करते हुए महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वहां के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे आपस में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें ताकि वायरस के संक्रमण से बचा जा सके तथा उसका प्रसार न हों। उन्होनेकहा कि लाकडाउन का पूर्ण रूप से पालन करें, अपने घरों में ही सुरक्षित रूप से रहें, अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही लाकडाउन से छूट की अवधि में घर से बाहर निकले तथा घर का एक सदस्य ही बाहर निकले।

**इन वार्डो में भी हुआ सेनेटाईजेशन कार्य**– वार्ड क्र. 12 एवं 26 के साथ–साथ निगम द्वारा आज रशियन हास्टल स्थित कोरन्टाईन सेंटर, जिला अस्पताल, वार्ड क्र. 10, 17, 18, 28, 29, 44 एवं 45 के विभिन्न प्रमुख स्थानों, सार्वजनिक जगहों, दुकानों के आसपास तथा ऐसे स्थल जहां पर लाकडाउन में छूट के समय लोगों का आवागमन होता है, को सेनेटाईज किया गया, सेनेटाईजेशन का कार्य फायर बिग्रेड मशीन तथा मेन्युअली दोनों माध्यमों से कराया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 63 एवं 67 में फागिंग मशीन का संचालन कराते हुए निगम द्वारा नियमित साफ–सफाई के कार्य कराए गए।